शुभं करोति कल्याणं
आरोग्यं गुण सम्पदाम
दुष्ट बुद्धि विनाशाय
दीपज्योति नमोस्तुते।

धनतेरस/भगवान धनवंतरी जयंती एवं दीपावली की शुभकामनाएं...

# दिव्य आकाश

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार


स्वास्थ्य के देवता भगवान धनवंतरी सबको स्वस्थ रखें ...!

वर्ष 15, अंक-29 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 25 से 31 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-8, मूल्य- रू. 3/-


## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 अक्टूबर को वर्चुअली करेंगे सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल सिम्स का लोकार्पण

**रायपुर।**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के चतुर्मुखी विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में सर्वोपरि कार्य हैं। छत्तीसगढ़ राज्य के पहले डिटिजल बजट में भी राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के सुदृढिकरण की बडी झलक दिखी थी जो वास्तविकता का रूप लेती जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए प्रयोग और राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों को खोलने के लिए केंद्रीय स्तर पर लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में 29 अक्टूबर को राज्य के बिलासपुर में 200 करोड़ रूपए की लागत से तैयार सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल सिम्स का लोकार्पण होने जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वचुअल माध्यम से इस अस्पताल का लोकार्पण करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित रहेंगे। यह अस्पताल तीन चरणों में प्रारंभ होगा। पहले चरण में ओपीडी, दूसरे चरण में वार्ड और आईसीसीयू, डायलिसिस यूनिट व लैब तीसरे चरण में कैथ लैब, ओटी, हार्ट व लंब की मशीनें शुरू होंगी और चौथे चरण में अस्पताल पूरी तरह से काम करने लगेगा। बिलासपुर में इस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के शुरू हो जाने से सरगुजा और बिलासपुर संभाग के मरीजों को रायपुर आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और उन्हें पास में ही इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।



इसी तरह से 29 अक्टूबर को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से रायपुर में 100 बिस्तरों वाले केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान का शिलान्यास करेंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया है कि 90 करोड़ रूपए की लागत से इस संस्थान का निर्माण 24 माह में पूरा होगा। राज्य सरकार ने इस संस्थान के लिए 10 एकड़ की भूमि आयुष विभाग को उपलब्ध करा दी है। यह छत्तीसगढ़ का पहला योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र और अस्पताल होगा जो गैर संचारी रोगों के उपचार की सुविधा प्रदान करेगा। केंद्र में वेलनेस थिरेपी में प्रशिक्षण प्रमाणन पाठ्यक्रम और अनुसंधान में फेलोशिप पाठ्यक्रम का भी संचालन होगा। इस संस्थान के शुरू होने से योग और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रभावों के बारे में नए ज्ञान और अंतदृष्टि का विकास होगा।

## कोरबा का पुस्तक विक्रेता ईडी के राडार पर

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा की पूर्व कलेक्टर एवं निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू एवं आदिवासी विकास की पूर्व सहायक आयुक्त माया वारियर को डीएमएफ घोटाले में कुछ दिन पूर्व ईडी ने गिरफ्तार किया था। रानू साहू के कार्यकाल में कोरबा टीपी नगर निवासी एक पुस्तक विक्रेता भी ईडी के राडार पर है। सूत्रों से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक उक्त पुस्तक विक्रेता रानू साहू के कार्यकाल में व्यवसाय से हटकर करीब 5 सौ करोड़ की आपूर्ति प्रशासन को की थी और इस मामले में ईडी की रेड उक्त व्यवसायी के यहां भी पड़ सकती है। आदिवासी विकास विभाग में डीएमएफ से संबंधित 3 करोड़ की फाईल गायब है, जिसमें एक बाबू का भी बड़ा हाथ बताया जा रहा है। इस बाबू पर भी ईडी का शिकंजा कस सकता है और 3 कांग्रेस नेताओं पर भी।






## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक 28 को

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में सोमवार 28 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर में आयोजित की गई है। बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लग सकती है।

## नेतन्याहू बोले- इजराइल ने ईरान को गंभीर नुकसान पहुंचाया

**येरूशलम (एजेंसी)।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान पर किए हमलों को लेकर बयान दिया है। न्यूज एजेंसी AP के मुताबिक नेतन्याहू ने कहा कि इजराइली हमले ने ईरान को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है। साथ ही अपने सभी टारगेट्स को हासिल किया है। वहीं ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई ने भी इस पर आज पहली बार बयान दिया। खामेनेई ने कहा, इजराइल के हमले को न तो बढ़ा-चढ़ाकर बताना चाहिए और न ही इसे कमतर समझना चाहिए।









## विश्व के प्रथम चिकित्सक आरोग्य प्रदायक भगवान धन्वंतरि जयंती पर सभी को स्वस्थ जीवन की मंगल कामनाएं




वेद पुराणों में भगवान धनवंतरी को विश्व का प्रथम वैद्य ( चिकित्सक ) माना गया है। हिन्दू धर्म में भगवान धन्वंतरि देवताओं के वैद्य माने गए हैं। उनकी पूजा से और पौराणिक मंत्र से मानव देह आरोग्य एवं दीर्घायु बनती है। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धन्वंतरि भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं और समुद्र मंथन से उनकी उत्पत्ति हुई है और हाथ में अमृत कलश लेकर विश्व को आरोग्य प्रदान कर रहे हैं, ऐसी मान्यता है। समुद्र मंथन के दौरान धन्वंतरि का पृथ्वी लोक में अवतरण हुआ था। शरद पूर्णिमा को चंद्रमा, कार्तिक द्वादशी को कामधेनु गाय, त्रयोदशी को धन्वंतरि, चतुर्दशी को काली माता और अमावस्या को भगवती लक्ष्मी जी का सागर से प्रादुर्भाव हुआ था। इसीलिए दीपावली के दो दिन पूर्व धनतेरस को भगवान धन्वंतरि का जन्म धनतेरस ( धन्वंतरि जयंती ) के रूप में मनाया जाता है।

### धन्वंतरि देव का पौराणिक मंत्र देगा आपको निरोगी काया

ऊँ नमो भगवते महासुदर्शनाय वासुदेवाय धन्वंतरायेः
अमृतकलश हस्ताय सर्व भयविनाशाय सर्व रोगनिवारणाय
त्रिलोकपथाय त्रिलोकनाथाय श्री महाविष्णुस्वरूप
श्री धनवंतरी स्वरूप श्री श्री श्री औषधचक्र नारायणाय नमः॥

**अर्थात्**

परम भगवन को, जिन्हें सुदर्शन वासुदेव धन्वंतरि कहते हैं, जो अमृत कलश लिए हैं, सर्व भयनाशक हैं, सर्व रोग नाश करते हैं, तीनों लोकों के स्वामी हैं और उनका निर्वाह करने वाले हैं, उन विष्णु स्वरूप धन्वंतरि को सादर नमन है।

**धन्वंतरि स्त्रोतः**

ऊँ शंखं चक्रं जलौकां दधदमृतघटं
चारुदोर्भिश्चतुर्मिः।
सूक्ष्मस्वच्छातिहृद्यांशुक
परिविलसन्मौलिमंभोजनेत्रम॥
कालाम्भोदोज्ज्वलांगं
कटितटविलसच्चारूपीतांबराढ्यम।
वन्दे धन्वंतरिं तं
निखिलगदवनप्रौढदावाग्निलीलम॥

ऊँ धन्वंतराये नमः॥

## पारंपरिक चिकित्सा पद्धति से हर बीमारियों का ईलाज संभव

### एक साधारण व्यक्तित्व का असाधारण कृतित्व ने दी पूरे छत्तीसगढ़ में पहचान

रामफल पटेल शांतिकुंज हरिद्वार एवं आयुष से पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में प्रशिक्षित होकर विभिन्न बीमारियों का उपचार कर हजारों लोगों को राहत देने के साथ गौशाला का संचालन, पेड़ बचाओ-पौधे लगाओ, जड़ी बुटियों का अनुसंधान, गायत्री यज्ञ के जरिए बच्चों में संस्कार एवं नशा मुक्ति अभियान, स्वच्छता अभियान को सफलतापूर्वक चलाने के बाद अब हर्बल खेती को बढ़ावा देने क्षेत्र के किसानों के बीच जागरूकता अभियान चला रहे हैं। अब तक करीब 500 किसानों को जोड़ चुके हैं। महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से भी जैविक उत्पाद करा कर उन्हें स्व रोजगार से जोड़ रहे हैं। क्रेडा के संयुक्त प्रयास से यह अभियान पाली क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। महिला समूह के उत्पाद के लिए बड़ा बाजार भी तैयार हो रहा है। इस तरह के कार्यों ने साधारण व्यक्तित्व को असाधारण बना दिया। उन्हें प्रगतिशील किसान सहित कई पुरस्कार भी प्राप्त हुए।



**वैद्यराज रामफल पटेल**
शांतिकुंज हरिद्वार एवं आयुष से प्रशिक्षित
पारंपरिक नाड़ी वैद्य

भगवान धनवंतरि आप सभी को स्वास्थ्य एवं समृद्धि दे इन्हीं शुभकामनाओं के साथ धनवंतरी जयंती की अशेष शुभकामनाएं...




प्रज्ञा संजीवनी
वन औषधालय
नया बस स्टैण्ड पाली, जिला - कोरबा
मो. नं. : 94241-46093, 88151-13134
Email- vaidyarpatel@gmail.com

# स्व. नितेश को लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकूड़ा में दी गई श्रद्धांजलि





**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

लायंस पब्लिक स्कूल ट्रस्ट के चेयरमेन एवं समाज सेवी लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल के छोटे पुत्र स्व. नितेश कुमार अग्रवाल को खरहरकूड़ा (मड़वारानी) स्थित नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों, अध्यापकगणों एवं स्टाफ ने भावविनी श्रद्धांजलि दी। चार वर्ष पूर्व 18 अक्टूबर 2020 को नितेश कुमार का आकस्मिक निधन हो गया था। उनकी स्मृति में उनके पिता राजकुमार अग्रवाल ने लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकूड़ा का नाम रखा। स्व. नितेश कुमार अग्रवाल के सपनों को लायंस पब्लिक स्कूल एवं लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के माध्यम से साकार करने में लायन अग्रवाल लगे हुए हैं। उनकी यादों को चीर स्मृति रखने के लिए हर साल विद्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के सदस्यों ने भी श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि देने वालों में विद्यालय ट्रस्ट के चेयरमेन एवं नितेश के पिता लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल, क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन दर्शन अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मनोज गुप्ता, क्लब सचिव सुरेंद्र डनसेना, प्राचार्य दीपक जायसवाल, एचओडी श्री थामस, सुभाष चंद्र अनंत, मनोरमा शर्मा सहित क्षेत्र के नागरिक, अध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। प्राचार्य दीपक जायसवाल एवं मनोज गुप्ता ने स्व. नितेश के बारे में संक्षिप्त उद्बोधन देकर श्रद्धांजलि दी।





## कुछ बोल नहीं पाए राजकुमार

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जैसे ही पिता लायन राजकुमार अग्रवाल मंच पर पहुंचे, उनका गला रूंध गया और कुछ शब्द बोलने के बाद पुत्र की याद में आंखों से आंसू झरने लगे और अपने पुत्र की दिव्य आत्मा को नमन कर चले गए। उनके कुछ शब्द सुनकर सभी की आंखों में आंसू भर गए।

# कृपासिंधु आदर्श राजवाड़े कुर्मी समाज के प्रथम निर्वाचित केन्द्रीय अध्यक्ष बने

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**



आदर्श राजवाड़े कुर्मी समाज का लोकतांत्रिक ढंग से प्रथम बार चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें कृपासिंधु राजवाड़े केन्द्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए। अध्यक्ष पद के लिए कृपासिंधु के अलावा ईश्वरचंद्र, ललित मोहन भी चुनाव लड़ रहे थे, लेकिन सामाजिक संगठन को मजबूती देने और समाज के लिए रचनात्मक कार्यों को बखूबी निभाने वाले कृपासिंधु राजवाड़े को समाज के सदस्यों ने एक तरफा समर्थन दिया और भारी मतों से उन्हें विजय श्री मिली।

कृपासिंधु शहरी इकाई के अध्यक्ष पद का भी निर्वहन कर रहे हैं और वे केन्द्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव लड़े और जीते। सचिव पद के लिए शैलेन्द्र राजवाड़े निर्विरोध निर्वाचित हुए। दोनों निर्वाचित होने पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

ग्राम बिरदा में चुनाव अधिकारी के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता रामचंद्र राजवाड़े एवं दो अन्य सह चुनाव अधिकारियों ने शांति पूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराया। चुनाव में सभी आठों पाली के सदस्यों ने मतदान किया। कृपासिंधु ने कहा है कि वे समाज को और मजबूती देने के लिए पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों का आभार जताया है।

## पंचकर्म चिकित्सालय में बच्चों का कराया गया स्वणबिन्दु प्राशन संस्कार



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए लोगों में जागरूकता आ रही है। हर माह के पुष्य नक्षत्र में कोरबा में स्वास्थ्य के लिए संजीवनी का केन्द्र माना जाने वाला टीपी नगर स्थित पंचकर्म चिकित्सालय आयुर्वेद सदन में अपने बच्चों को लेकर स्वर्ण बिन्दु की एक घूंट पिलाने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावक पहुंच रहे हैं। कोरबा की प्रसिद्ध पंचकर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ.मनीषा सिंह ने बताया कि धीरे-धीरे कोरबा ही नहीं, भारत में ही नहीं, पूरे विश्व में आयुर्वेद की ताकत को लोग समझने लगे हैं। स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार-आयुर्वेद की वह शक्तिशाली विधा है, जिससे बच्चों में इम्युनिटी पॉवर का अद्भूत विकास देखने को मिल रहा है, जिसके कारण अपने बच्चों के प्रति संजीदा होते अभिभावक बड़ी संख्या में पंचकर्म चिकित्सालय पहुंच रहे हैं और स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार करा रहे हैं।

स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार की दो बूंद से बच्चों के जहां शरीर में अद्भूत चमक दिखती है, वहीं मस्तिष्क का भी अद्भूत विकास होता है। डॉ. मनीषा सिंह ने बताया कि स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने से पाचनतंत्र सक्रिय होता है और बदलते मौसम से होने वाली बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। जब बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है तो शरीर स्वस्थ होता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। गुरू पुष्य नक्षत्र में बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को लेकर स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार के तहत दो बूंद पिलाई। धीरे-धीरे स्वर्ण बिन्दू प्राशन संस्कार के प्रति लोगों का रूझान बढ़ रहा है। भारत को स्वस्थ रखने की दिशा में स्वण बिन्दु प्राशन संस्कार का बड़ा योगदान सामने आ रहा है। उनका कहना है कि जब बचपन स्वस्थ होगा तो बुढ़ापा भी बेहतर होगा।

## झारखंड विधानसभा चुनाव: जिले के कांग्रेसजनों को मिली अहम जिम्मेदारी



**पूर्व विधायक केरकेट्टा की टीम पहुंची झारखंड**
**पूर्व विधायक प्रतिनिधि डिक्सेना ने कहा- इंडि गठबंधन की स्थिति मजबूत**

**कोरबा/पाली। ( दिव्य आकाश )।**

झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए और इंडि गठबंधन ने पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ रही है और एनडीए को रोकने के लिए कांग्रेस देश के कई प्रदेशों से कांग्रेस पदाधिकारियों को चुनाव प्रचार में लगा दी है। कोरबा जिले से भी कई कांग्रेसियों को अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पड़ोसी प्रदेश झारखंड में विधानसभा का चुनाव दो चरणों में 13 एवं 20 नवंबर को होना है, जिसमें पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के भी दिग्गजों को चुनाव में लगाया है। इसी कड़ी में ग्रामीण क्षेत्र के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को भी झारखंड विधानसभा चुनाव में जिम्मेदारी सौंप दी गई है। पूर्व मंत्री अमरजीत सिंह भगत के नेतृत्व में कुनपुरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक यू डी मिंज, जशपुर के पूर्व विधायक अब्दुल विनय भगत,पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा झारखंड पहुंच गए हैं और वहां जाकर कई विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव कार्य-नामांकन,प्रचार प्रसार, नुक्कड़ सभा में जुट गए हैं,वहीं कार्यकर्ताओं की बैठक में रणनीति भी तैयार की जा रही है। इनके साथ ग्रामीण कार्यकर्ताओं को भी तवज्जो दी जा रही है।

पूर्व विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण डिक्सेना, जो शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष, वन समिति लखनपुर के अध्यक्ष भी हैं, उनके साथ रोशन मोहम्मद-पूर्व पार्षद जुराली, महेन्द्र अग्रवाल-कोषाध्यक्ष, अनुज गुप्ता, हंसराज अग्रवाल, मनमोहन भगत, सागर यादव-जिलाध्यक्ष सहित कई अन्य कार्यकर्ताओं की भी सक्रिय भागीदारी उक्त चुनाव में दिख रही है। श्री डिक्सेना ने बताया कि झारखंड में इंडि गठबंधन की स्थिति काफी मजबूत दिख रही है और सोरेन सरकार के कामकाज को वहां की जनता ने सराहा है और खुश नजर आ रही है।

इसे देखते हुए कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत और झारखंड में इंडि गठबंधन की सरकार बनते नजर आ रही है।दीपावली के बाद वे अन्य कार्यकर्ताओं के साथ पुनः प्रचार के लिए झारखंड जाएंगे। झारखंड की सीमा से लगने वाले जिले के जनप्रिय नेता अमरजीत सिंह भगत की उस क्षेत्र में काफी पैठ है, जिसके कारण कांग्रेस प्रत्याशियों को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। अमरजीत भगत के नेतृत्व में प्रचार प्रसार से कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में अच्छा माहौल तैयार हो रहा है और उनके नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का पूरा अमला सक्रियता से चुनाव प्रचार में जुटा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि झारखंड विधानसभा चुनाव की चर्चा हर तरफ हो रही है। यह चुनाव झारखंड की सभी 81 विधानसभा सीटों के लिए हो रहा है। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को समाप्त हो रहा है और इस बार मुख्य मुकाबला हेमंत सोरेन की झारखंड की मुक्ति मोर्चा- इंडि गठबंधन और एनडीए के बीच है।

## अगले महीने जिला भाजपा संगठन का चुनाव:राजा पांडेय जिला चुनाव अधिकारी एवं गोपाल मोदी व संजय भावनानी जिला सह-चुनाव अधिकारी

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**



भारतीय जनता पार्टी में जिलाध्यक्ष का चुनाव अगले महीना संभव माना जा रहा है। जिला अध्यक्ष के लिए वर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह सहित पूर्व अध्यक्ष अशोक चावलानी, जोगेश लांबा का नाम भी सामने आ रहा है। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ ने वर्ष 2024 के संगठन चुनाव कराने हेतु जिला संगठन चुनाव अधिकारी व सह-अधिकारी की नियुक्ति की है, जिसमें राजा पांडेय को संगठन चुनाव 2024 हेतु कोरबा जिला चुनाव अधिकारी एवं भारतीय जनता पार्टी कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी एवं जिला उपाध्यक्ष संजय भावनानी को जिला सह- चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है ।

इस बार संजय भावनानी और गोपाल मोदी भी जिलाध्यक्ष की दौड़ में शामिल थे, लेकिन प्रदेश संगठन ने उन्हें सह चुनाव अधिकारी बना दिया।

## दाना से कोरबा का मौसम बिगड़ा उमस से लोगों को मिली राहत

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

समुद्री तूफान दाना ने उड़ीसा में तेज हवाओं, भयंकर बारिश के साथ भारी नुकसान बरपाने के बाद शांत हो गया, लेकिन इसका असर छत्तीसगढ़ में दिखने लगा है। रविवार को दोपहर कोरबा सहित बिलासपुर संभाग के कई हिस्सों में झमाझम बारिश हुई और देर रात तक बदली छायी रही। बदली के कारण मौसम सुहाना हो गया और लोगों को उमस से राहत मिली, लेकिन त्यौहार का सीजन होने के कारण व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। बारिश के कारण लोग घर से कम निकले।



















# दिव्य आकाश



धनतेरस/भगवान धनवंतरी जयंती एवं दीपावली की शुभकामनाएं...

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार




कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 25 से 31 अक्टूबर 2024


## पेंशनर्स को सरकार की सौगात, 80 साल से अधिक उम्र वालों को मिलेगी अतिरिक्त पेंशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

सरकारी कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली पेंशन में एक नई सुविधा जोड़ी गई है। केंद्र सरकार ने 80 साल से अधिक उम्र के पेंशनर्स को अनुकंपा भत्ता देने का निर्णय लिया है। यह जानकारी लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सर्कुलर में दी गई है।

**अतिरिक्त पेंशन का लाभ**

मंत्रालय के सर्कुलर के अनुसार, 80 साल से अधिक उम्र के पेंशनर्स को अब अतिरिक्त पेंशन का लाभ मिलेगा। इसके लिए सरकार ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिससे पेंशन का वितरण आसान और तेजी से किया जा सकेगा।

सीसीएस (पेंशन) नियम 2021 के नियम 44 के तहत पेंशनर्स को मूल पेंशन के साथ अतिरिक्त पेंशन या अनुकंपा भत्ता मिलेगा। जैसे-

80 से 85 वर्ष-मूल पेंशन का 20 प्रतिशत
85 से 90 वर्ष- मूल पेंशन का 30प्रतिशत
90 से 95 वर्ष- मूल पेंशन का 40 प्रतिशत
95 से 100 वर्ष- मूल पेंशन का 50 प्रतिशत
100 वर्ष से अधिक- मूल पेंशन का 100 प्रतिशत

उदाहरण के लिए यदि किसी पेंशनर की आयु 81 वर्ष है और उसे 5,000 रुपये की पेंशन मिल रही है, तो उसे अतिरिक्त पेंशन के रूप में 1,000 रुपये मिलेंगे। इसी तरह 85 से 90 वर्ष के पेंशनर को 1,500 रुपये अनुकंपा भत्ता मिलेगा।

## भागवत कथा में शामिल हुए अखबार वितरक संघ के पदाधिकारी



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

भिलाई बाजार में राठौर परिवार के तत्वावधान में आयोजित भागवत कथा में समापन के पूर्व छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ सम्मिलित होकर कथावाचक पंडित सुखदेव तिवारी के अमृत मुखारविंद से अमृत वाणी से भाव विभोर होकर धन्य हुए।

कथा मंडप में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश संरक्षक पदम सिंह चंदेल ,प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा कोरबा जिला अध्यक्ष विपेन्द्र साहू व सचिव जयसिंह नेताम एवं भिलाई बाजार इकाई अध्यक्ष महेंद्र राठौर ने कथा वाचक सुखदेव तिवारी को उनकी पेंटिंग तस्वीर भेंट कर आशीर्वाद लिया।

**जयशंकर बोले-**

## चीन बॉर्डर पर तनाव कम करना अगला स्टेप

**मुंबई, एजेंसी।**

भारत-चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर हुए समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सैनिकों की वापसी पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है। मुंबई में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्री ने कहा- दोनों देशों के बीच तनाव तभी कम होगा, जब भारत को यकीन न हो जाए कि चीन भी ऐसा ही चाह रहा है। तनाव कम करने के बाद, बॉर्डर को कैसे मैनेज किया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी। एक दिन पहले शनिवार को पुणे में एक कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा था कि भारत सरकार का अपनी बात पर अड़े रहना काम कर गया। आज हम जिस मुकाम पर पहुंचे हैं, उसके दो कारण हैं। पहला- हम अपनी बात से पीछे नहीं हटे, यह केवल इसलिए संभव हो सका क्योंकि सेना देश की रक्षा के लिए हर मौके पर डटी रही और कूटनीति ने अपना काम किया। दूसरा- पिछले एक दशक में हमने अपने बुनियादी ढांचे में भी सुधार किया है।

**मन की बात में बोले पीएम मोदी**

# आत्मनिर्भर भारत अभियान एक जन-आंदोलन बनता जा रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

मन की बात के 115वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- अब आत्मनिर्भर भारत अभियान एक जन-आंदोलन बनता जा रहा है। इसी महीने हमने लद्दाख के हान्ले में एशिया के सबसे बड़े इमेजिंग टेलीस्कोप MACE का उद्घाटन किया। यह 4300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है... एक ऐसी जगह जहां ठंड -30 डिग्री से भी कम है, जहां ऑक्सीजन तक की कमी है। हमारे वैज्ञानिकों और स्थानीय उद्योग ने वो कर दिखाया है, जो एशिया के किसी और देश ने नहीं किया। हान्ले टेलिस्कोप भले ही दूर की दुनिया देख रहा हो, लेकिन ये हमें आत्मनिर्भर भारत की ताकत भी दिखा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, त्योहारों के इस मौसम में हम सब आत्मनिर्भर भारत के इस अभियान को और मजबूत करते हैं। हम वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ अपनी खरीदारी करते हैं। यह नया भारत है, जहां मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड बन गया है... हमें न सिर्फ भारत को आत्मनिर्भर बनाना है बल्कि अपने देश को इनोवेशन के ग्लोबल पावरहाउस के रूप में स्थापित करना है। मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत 3 अक्टूबर 2014 को हुई थी, जो विजयादशमी के दिन भी था। अपने पिछले 114वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा था कि यह एपिसोड भावुक करने वाला है।



## देश के 11शहरों में प्रदूषण रिकार्ड स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दीपावली से 4 दिन पहले ही देशभर में प्रदूषण का लेवल खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। AQI.in के मुताबिक रविवार सुबह 10 बजे तक देश के 11 शहरों का AQI लेवल 300 के पार रिकॉर्ड किया गया। इनमें भिवाड़ी, दिल्ली, नोएडा, मेरठ, गाजियाबाद, जयपुर, बुलंदशहर, अमृतसर, अलीगढ़, सोनीपत और फरीदाबाद का नाम शामिल है। राजस्थान का भिवाड़ी 610 AQI के साथ सबसे खतरनाक हाल में था। वहीं दिल्ली भी गैस चेंबर बन गई है और 400 पार AQI रिकॉर्ड किया गया था। आगरा में भी प्रदूषण और धुंध के चलते ताजमहल धुंधला नजर आया। मुंबई के मरीन ड्राइव में भी सुबह स्मॉग की लेयर देखी गई।

# महंगाई का खतरा बना हुआ, आरबीआई गवर्नर बोले- हम इसे कंट्रोल कर लेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय इकोनॉमी में इस समय भारी उठा-पटक जारी है। विदेशी संस्थागत निवेशक (FIIs) देश छोड़कर बाहर निकल रहे हैं। इसके चलते पिछले कई दिनों से स्टॉक मार्केट में भी भारी गिरावट देखी जा रही है। महंगाई का आंकड़ा भी ऊपर की ओर जा रहा है। हालांकि, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को पूरा यकीन है कि महंगाई को कंट्रोल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में चल रही कई समस्याओं के चलते महंगाई पर दबाव बना हुआ है। मगर, देश में महंगाई और ग्रोथ का सामंजस्य बना हुआ है। भारतीय इकोनॉमी मजबूत स्थिति में है। महंगाई पर चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही तक काबू कर लिया जाएगा।

**मोनेट्री पॉलिसी कमेटी का फोकस महंगाई पर**

शक्तिकांत दास के अनुसार, मौसम की अनिश्चितता और जियोपॉलिटिकल समस्याओं के चलते महंगाई का आंकड़ा हमारे लक्ष्य 4 फीसदी से ऊपर गया है। इसमें जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान सुधार दिखाई देगा। मुंबई में आयोजित मैक्रो वीक 2024 को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय इकोनॉमी की स्थिरता और मजबूती ने मोनेट्री पॉलिसी कमेटी को फिलहाल ब्याज दरों के अलावा महंगाई पर भी फोकस रखने का मौका दिया है। कोविड 19 के दुष्प्रभावों के बावजूद पिछले तीन वित्त वर्ष से हमने करीब 8 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर को बनाया हुआ है। वित्त वर्ष 2025 में भी इसके करीब 7.2 फीसदी रहने का अनुमान है।

**आईएमएफ वर्ल्ड बैंक आर्थिक संकट को लेकर सावधान**

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि घरेलू मांग में इजाफा होता जा रहा है। साथ ही देश में मैन्युफैक्चरिंग भी बढ़ रही है। निजी निवेश भी देश में बढ़ता जा रहा है। सरकार ने पूंजीगत व्यय बढ़ाने और बैंकों की आर्थिक सेहत को मजबूत रखने पर ध्यान दिया है। एनबीएफसी भी बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। कॉरपोरेट सेक्टर भी निवेश बढ़ाकर देश की तरक्की में अपना योगदान दे रहा है। कृषि क्षेत्र में विकास से ग्रामीण इलाकों में भी डिमांड बढ़ने की पूरी उम्मीद है। दुनिया में पैदा हो रहे आर्थिक संकट से निपटने के लिए इंटरनेशनल मोनेट्री फंड और वर्ल्ड बैंक मिलकर काम कर रहे हैं।

## शक्तिकांत दास लगातार दूसरे साल दुनिया के टॉप-बैंकर

**आरबीआई गवर्नर को ग्लोबल फाइनेंस ने दिया यह अवॉर्ड, उन्हें सेंट्रल बैंक रिपोर्ट कार्ड 2024 में A+ ग्रेड**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास लगातार दूसरे साल दुनिया के टॉप सेंट्रल बैंकर चुने गए हैं। शक्तिकांत दास को सेंट्रल बैंक रिपोर्ट कार्ड 2024 में एक बार फिर ए+ ग्रेड मिला है। आरबीआई गवर्नर को यह अवॉर्ड अमेरिका के वाशिंगटन D.C. में ग्लोबल फाइनेंस ने दिया है।

आरबीआई ने शक्तिकांत दास की अवॉर्ड रिसीव करते हुए कुछ फोटोज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर शेयर की हैं। ग्लोबल फाइनेंस ने इस अवॉर्ड की अनाउंसमेंट दो महीने पहले की थी।

शक्तिकांत दास को महंगाई पर कंट्रोल, इकोनॉमिक ग्रोथ, करेंसी में स्टेबिलिटी और ब्याज दरों पर कंट्रोल के लिए यह सम्मान दिया गया है। वे पिछले साल भी टॉप सेंट्रल बैंकर चुने गए थे और उन्हें ए+ रेटिंग ही मिली थी। दास को पिछले साल जून में लंदन के सेंट्रल बैंकिंग अवॉर्ड्स 2023 में गवर्नर ऑफ द ईयर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। दास 25 वें आरबीआई गवर्नर हैं।

## जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने पर केंद्र सहमत

**संसद के विंटर सेशन में प्रस्ताव लाया जाएगा, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा**

**नई दिल्ली, ( एजेंसी )।**



केंद्र में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर सहमति बन गई है। वहीं, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा। नवंबर के आखिरी हफ्ते में शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में इससे जुड़ा प्रस्ताव लाया जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 23 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह और 24 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उमर ने पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया था। उन्हें इसी साल राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन मिला था।

## मुंबई के बांद्रा टर्मिनस में भगदड़ 10 यात्री घायल

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के बांद्रा टर्मिनस पर रविवार सुबह मची भगदड़ में 10 यात्री घायल हो गए थे। इनमें से 5 का इलाज चल रहा है, 3 घायलों को छुट्टी दे दी गई है। भाभा अस्पताल के सीएमओ डॉ सुशील के मुताबिक 2 गंभीर घायलों को केईएम अस्पताल रेफर किया गया है। हादसा प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर सुबह करीब 6 बजे हुआ। अधिकारियों ने बताया कि प्लेटफॉर्म पर गोरखपुर-बांद्रा एक्सप्रेस आई थी, उसमें चढ़ने के लिए यात्रियों के बीच भगदड़ मच गई।






## राजनांदगांव में शूट होगी वेब सीरीज ग्राम-चिकित्सालय:छत्तीसगढ़ पहुंचे पंचायत के मेकर्स,सीएम ने दिया मुहूर्त-शॉट का क्लैप, लोकल टैलेंट को किया जाएगा कास्ट

**रायपुर,एजेंसी।**



छत्तीसगढ़ में जल्द ही मशहूर वेब सीरीज पंचायत के मेकर्स अपनी अगली वेब सीरीज की शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं। रविवार को वेब सीरीज के डायरेक्टर दीपक मिश्रा और प्रोडक्शन हाउस की टीम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। सीएम साय ने छत्तीसगढ़ में शूट होने वाली वेब सीरीज ग्राम-चिकित्सालय की टीम से मुलाकात की। दीपक मिश्रा ने ही पंचायत बनाई थी, अब वो ग्राम चिकित्सालय बना रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने इस दौरान वेब सीरीज ग्राम-चिकित्सालय के मुहूर्त-शॉट का क्लैप दिया।

मुख्यमंत्री को टीम ने बताया कि उनका पिछला प्रोजेक्ट प्रसिद्ध पंचायत सीरीज था, जिसे बहुत सराहना मिली। अब वे वेब सीरीज ग्राम-चिकित्सालय शूट करने जा रहे हैं। इसकी शूटिंग छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में होगी।

**पंचायत टीम को पसंद आई छत्तीसगढ़ की लोकेशंस**


वेब सीरीज ग्राम-चिकित्सालय की कहानी के लिए जैसी लोकेशंस ढूंढी जा रही थीं, उसकी तलाश छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में जाकर खत्म हुई।

## शराब पीने से 2 दोस्तों की मौत

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा में शराब पीने के बाद दो दोस्तों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उन्होंने अंग्रेजी शराब और महुआ शराब मिलाकर पी थी। लिहाजा जहरीली शराब से दोनों की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। मामला बलौदा थाना इलाके के बुडगहन का है। जानकारी के मुताबिक, शिवा बंजारे (19 साल), रूपेश सांडे (27 साल) और सुखसागर सतनामी (28 साल) तीनों ने शनिवार रात शराब पीने का प्लान बनाया। तीनों ने मिलकर गांव के एक ठेके से गोवा शराब और गांव के एक व्यक्ति से महुआ शराब भी ली।







**सुविचार**

**खुशियां वह दौलत है, जिसे जितना बाटोगे, उतना ही इसका भंडार भरता है...।**

**सरोकार**

# मनाएं सार्थक दिवाली



आज औद्योगिक विकास के साथ-साथ भारत में कुबेरों की संख्या भी बढ़ी है। चकाचौंध समाज में आज जीवन का अर्थ ही बदल गया है। बड़े-बड़े बंगले, बड़ी-बड़ी एवं महंगी कारें, घर में एसी, बड़े-बड़े एलईडी, घर बंगला के सामने गार्ड, डरावने कुत्ते और चारों तरफ लाईटिंग, सैकड़ों की संख्या में जगमगाते दीए, चहार दिवारी के अंदर आतिशबाजी, मेवा मिष्ठान से सजी थालियां, रत्न जड़ित साड़ियां, सोने-चांदी की देवताओं की मूर्तियां और दूसरी ओर सामान्य जीवन के लिए तरसते लोग। भारत के विकास की यह दो तस्वीरें हमें संदेश देती है कि एक तरफ दिवाली की अभूत पूर्व तैयारी और दूसरी ओर जिंदगी के लिए जद्दोजहद करते लोग। आर्थिक विषमता से एक ओर धनवान और धनवान होता और दूसरी ओर गरीब महंगाई की मार से और गरीब होता जा रहा है। इस दिवाली सार्थक दिवाली मनाएं और ऐसा सार्थक करें कि अंधेरी झोपड़ी में भी दीए के लौ की कुछ प्रकाश पूंज पहुंच सके और गरीब की झोपड़ी भी आपकी सार्थक दिवाली से कुछ रौशन हो जाए।

**संपादक**

# इस दीपावली खुशियां बांटें



जीवन तभी सार्थक होता है जब हम दूसरों की खुशियों में अपनी खुशी ढूंढ़ते हैं। इस दीपावली सार्थक दीपावली मनाएं और घर की खुशियों में उन लोगों को भी शामिल करें जो एक दीया जलाने के लिए तेल और दीया का भी इंतजाम नहीं कर पाते। सक्षम व्यक्ति उन झोपड़ी को भी थोड़ी सी रोशनी देने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाएं... हाथ बढ़ते गए... तो खुशियां भी बढ़ती जाएंगी और उन अधरों में भी थोड़ी सी मुस्कान आएगी, जो खुशियों के लिए इंतजार कर रहे होते हैं।

हम लोगों की खुशियों में जिस दिन अपनी खुशी ढूंढ़ना प्रारंभ कर देंगे, तो वह दिन दूर नहीं जब राम राज्य की परिकल्पना साकार होने लगेगी। दीवाली हम कई कारणों से मनाते चले आ रहे हैं, जिसमें प्रमुख कारण- जब भगवान राम लंका जीत कर अयोध्या वापस आए थे और पूरी अयोध्या राम के आगमन की खुशी में चारों तरफ से दमक उठी थी। जब राम अयोध्या आए और उनका राज तिलक हुआ तो अयोध्या का कोई एक घर ऐसा नहीं था जो दीयों की रोशनी से जगमगा नहीं रहा होगा। ऐसी खुशी का नाम ही दीवाली।

राम राज में हर कोई समृद्ध और खुशहाल था। उस दिन का इंतजार कब खत्म होगा जब भारत के हर घर में खुशियों की बहार आएगी, हिंसा का खात्मा होगा और घर-घर खुशियों की दीपावली मनेगी।

दीपावली की सबसे बड़ी सार्थकता स्वच्छता से भी है। घर परिसर दीपावली से पूर्व स्वच्छ हो जाता है। घर को क्षमता के अनुसार सजाया, संवारा जाता है। घर-आंगन की स्वच्छता से मन में भी खुशियां दौड़ने लगती है। स्वच्छ घर ... स्वच्छ परिसर... स्वच्छ समाज... स्वच्छ भारत की थीम पर हर घर दीपावली मने और स्वच्छता का संदेश हर घर पहुंचे। मन की स्वच्छता से ही सार्थक दीवाली मनेगी। मन को स्वच्छ और विशाल बनाएं और खुशियां बांटें, तो ही लक्ष्मी का वास होगा और सक्षम व्यक्तियों के एक कदम से गरीबों की भी दीवाली बेहतर बन जाएगी और ऐसी सोच रखने वाले व्यक्तियों के घर लक्ष्मी का सदैव वास बना रहता है।

वेद पुराणों में भी लिखा है कि धन बांटने से धन की प्राप्ति होती है... खुशियां बांटने से खुशियों की प्राप्ति होती है। छोटे-छोटे ही सही... काम ऐसा करें कि आपके काम से किसी का भला हो... यदि भला न भी कर पाएं तो बुरा तो किसी का सोचना ही नहीं और यदि यही सोच सभी के मन में आ जाए... तो भी राम राज की परिकल्पना साकार होते देर नहीं लगेगी।

छोटी-छोटी खुशियों में संसार का सबसे बड़ा सुख छुपा होता है। ऐसा जीवन जी कर तो देखें... आपके साथ उन लोगों का भी जीवन धन्य हो जाएगा, जो आपसे अपेक्षा न रखते हुए उनकी मुरादें आपसे पूरी होती है।

एक दीया उनके लिए भी जलाएं... जो देश की खातिर अपना सब कुछ न्यौछावर करने के लिए रात दिन तैयार रहते हैं। एक दीया भारत की समृद्धि के लिए भी जलाएं, ताकि भारत का वैभव विश्व पटल पर दमके। एक दीया मां लक्ष्मी के लिए जलाएं, जिनके आशीर्वाद से आपका घर समृद्ध और खुशहाल बने। बुजूर्ग माता-पिता के साथ दीवाली मनाएं... उन बच्चों के साथ दीवाली मनाएं... जिनके माता पिता नहीं हैं। उनको भी साथ ले लें... जिनके पास सुख समृद्धि का साधन नहीं है, लेकिन आपके एक अच्छे से कर्म के कारण उनको भी खुशियों की सौगात मिले। यही सार्थक दीवाली है और समर्थ भारत के लिए आपका एक छोटा सा योगदान।



डॉ गजेन्द्र तिवारी
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282



## दिवाली से पहले इन 5 सपनों का आना देता है धनवान होने का संकेत

स्वप्न शास्त्र के अनुसार व्यक्ति को आने वाला हर सपना कुछ न कुछ संकेत देता है। दिवाली धनदायक और सुख-संपत्ति का त्यौहार है। माना जाता है कि मां लक्ष्मी जब हमसे या फिर हमारे घर के अन्य लोगों से प्रसन्न होती हैं, तो वह किसी न किसी माध्यम से हमें संकेत देती हैं। अगर आपको भी दीपावली से पहले सपनों में कुछ चीजें दिखाई देती हैं, तो इसे बहुत ही शुभ माना जाता है।

**सपने में कमल का फूल दिखना**

